**खबर संक्षेप**

## जितेंद्र लिटोरिया ने दिवंगत सुनील नामदेव को अर्पित की श्रद्धांजलि



**भुआबिछिया।** मध्यप्रदेश खादी ग्राम उद्योग पूर्व अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री, पूर्व संभागीय संगठन मंत्री, जितेंद्र लिटोरिया एवं सामाजिक कार्यकर्ता विनय तिवारी का आज आगमन मध्यप्रदेश कृषि मंडी बोर्ड विशेषज्ञ पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय श्री सुनील नामदेव के निज निवास पर हुआ, एवं शोक संतृप्त परिवार से मिल गहन दुख व्यक्त किया, तेल्य चित्र में दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी इस अवसर में पुत्र शिवांग नामदेव, छोटे भाई सुदेश नामदेव, नगर के सामाजिक सेवी जगदीश ठाकुर, जमुना यादव, नरेश राजपूत, दीपक कटारे, राकेश पुरी गोस्वामी, राकेश यादव,लड्डू राय, सचिन तेकाम, लल्ला यादव राजेंद्र यादव ददन यादव प्रमोद मानिकपुरी शाहिद अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 10 वर्षीय लापता बालिका सकुशल दस्तयाब

**मण्डला।** दिनांक 28.10.2025 को महिला थाना मण्डला में प्रार्थिया महिला द्वारा बताया गया कि उनकी 10 वर्षीय पुत्री बस स्टैंड मंडला से अचानक लापता हो गई है। प्राप्त सूचना पर महिला थाना प्रभारी निरीक्षक आरती तेकाम द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए स्टाफ एवं थाना कोतवाली मण्डला पुलिस की सहायता से खोजबीन प्रारंभ की गई। टीम द्वारा सक्रिय प्रयासों से कुछ ही समय में नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बालिका को उसकी माता के सुपुर्द किया गया।

**पंचायत प्रशासन की लापरवाही पर उठते प्रश्नचिन्ह**

# कचरा संग्रहण केन्द्र क्यों बंद पड़ा

*** मुक्ति धाम में क्यों फेंका जा रहा कचरा।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मध्यप्रदेश सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छता अभियान संपूर्ण देश तथा प्रदेशों में राज्य सरकारों द्वारा प्रमुख रूप से चलाया जा रहा है जिस पर राज्य सरकारें भी बहुत धन राशि खर्च कर रही है परंतु मंडला जिले की जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरिया में स्वच्छता अभियान के नाम पर गड़बड़ झाला चल रहा है जिस पर अधिकारियों की भी नजर नहीं जाती।

हम बात कर रहे शासन द्वारा बनाए गए कचरा संग्रहण सह प्रबंध केन्द्र की जो पंडरिया पंचायत अंतर्गत जब से बना है वीरान पड़ा हुआ है ना ही देख रेख ना ही साफ सफाई जिसके चलते यह केन्द्र किसी भूत बंगले से कम नहीं लगता परंतु पंचायत के प्रशासन की उदासीनता के अब यह गिरने की कगार पर आ चुका है।

### गेट पर नहीं ताला, गाजर घास उग आई, देखरेख नहीं

ग्राम पंचायत पंडरिया में यह केन्द्र कचरा संग्रहण के लिए बनाया गया था परंतु पंचायत प्रशासन द्वारा यहां आज दिनांक तक कचरा संग्रहण नहीं किया गया बल्कि उसका उल्टा हुआ पंचायत अपनी सुविधानुसार ग्राम के कचरे को नजदीकी श्मशान घाट पर ही सालों से फेंक रही है जिसके चलते श्मशान घाट में गंदगी का अंबार लगा हुआ है

### शासन की राशि की खेल गए होली, जनपद भी मौन

शासन द्वारा लाखों रूपए खर्च कर के बनाए गए कचरा संग्रहण केन्द्र की हालत बया कर रहा है कि वह अपने आखिरी समय पर आ गई है चारों तरफ गंदगी एवं गाजर घास के पेड़ झाड़ियों से घिरे केन्द्र के अंदर दरवाजों पर लगी जंग जो कभी भी गिर जाए, केन्द्र के अंदर मवेशियों का गोबर कचरा पुराने कपड़े पड़े हुए हैं,पंचायत प्रशासन कुछ भी दावे करें स्वच्छता को लेकर परंतु स्थिति बहुत दयनीय है।

### कचरा संग्रहण हेतु कितनी धन राशि खर्च

ग्राम पंचायत पडरिया में जो यह केन्द्र कचरा संग्रहण के लिये बनाया गया है तो निश्चित रूप से इसके रखरखाव एवं क्रियान्वयन के लिये कोई बजट तो निर्धारित किया गया होगा अब जबकि इस कचरा संग्रहण केन्द्र का निर्माण के बाद से कोई उपयोग नहीं हो रहा तो फिर आवंटित बजट की राशि कहां और कैसे खर्च की जा रही है। ऐसा तो नहीं कि कागजों में यह कचरा संग्रहण केन्द्र सक्रिय हो और यहां बाकायदा पूरी पंचायत का कचरा संग्रहित हो रहा हो और उसका निष्पादन भी हो रहा हो अब तो यह संबंधित अधिकारियों को ही स्पष्ट करना होगा कि हकीकत क्या है। यदि इस कचरा संग्रहण केन्द्र का उपयोग नहीं किया जा रहा तो क्यों नहीं किया जा रहा और कचरे को किसके आदेश पर एवं किसकी सहमति पर मुक्ति धाम में डाला जा रहा है अब मुक्ति धाम में जब स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और उसमें जो राशि खर्च होगी उसे किस मद से और कैसे आवंटित किया जायेगा?

# बाइक सवार को ट्रक ने मारी टक्कर



*** बाइक में लगी आग, युवक की मौके पर मौत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले के नेशनल हाईवे-30 पर मंगलवार करीब डेढ़ बजे को एक सड़क हादसा हुआ। इसमें ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। शव टुकड़ों में बंट गया था, जिससे उसे गठरी में समेटा गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक में आग लग गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे हेल्पलाइन 1033 की टीम, जिसमें पायलट लेखराम यादव, ईएमटी आनंद मार्को और हेल्पर नरेश मरावी शामिल थे मौके पर पहुंचे। हिरदेनगर पुलिस भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, यह दुर्घटना हिरदेनगर चौकी क्षेत्र के ग्राम मुरुमखाप के पास हुई। मृतक सुकतरा कन्हरी निवासी राजकुमार पिता मुन्ना है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में जांच शुरू कर दी है।



## थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा स्थायी वारंटी आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**मण्डला।** पुलिस अधीक्षक मण्डला के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंडला के मार्गदर्शन में न्यायालयों में लंबित वारंटों की तामिली हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना थाना मोतीनाला पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए स्थायी वारंटी आरोपी मोहम्मद फिरोज मंसूरी पिता शेख मुस्ताख मंसूरी उर्फ नियाज कुरैशी उम्र 24 वर्ष निवासी मोहरिया, संजय गांधी वार्ड, जबलपुर को गिरफ्तार किया गया। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत वांछित आरोपी को दिनांक 27/10/2025 को दोपहर 14.00 बजे जबलपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को विधिवत अभिरक्षा में लेकर माननीय जेएमएफसी न्यायालय भुआ बिछिया में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी एवं स्टाफ अहम भूमिका रही।

# 31 को रन फॉर साइबर अवेयरनेस और रन फॉर यूनिटी का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में सायबर अपराधों के प्रति सजग रखने के लिए विभिन्न माध्यमों से सायबर जागरूकता कैंपेन चलाये जाने की बात कही गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा माह अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाये जाने के लिए 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' दौड़ आयोजित किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही भारत सरकार के निर्देशानुसार सरदार वल्लभ भाई पटैल की 150वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का आयोजन भी किया जाना है।

शासन से प्राप्त निर्देशों के पालन में 31 अक्टूबर 2025 को प्रातः 8:30 बजे पुलिस लाइन मण्डला से महात्मा गांधी स्टेडियम तक 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' और 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जा रहा है। छात्रों, खिलाड़ियों और युवाओं को उक्त कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की गई है।

## बम्हनी में तेज रफ्तार भागते वाहनों का आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर



बम्हनीबंजर में तेज रफ्तार भागते वाहनों के आतंक से रोज़ाना दुर्घटनाएं हो रही हैं लेकिन प्रशासन धृतराष्ट्र बनकर बैठा हुआ है। मण्डला नैनपुर मुख्य मार्ग में जिला सहकारी बैंक सिविल लाइन बम्हनी बंजर के पास अज्ञात पिकअप वाहन ने एक गौ वंश को दुर्घटनाग्रस्त कर मौके से भाग गया, जिससे गौ वंश का पैर टूट गया। स्थानीय लोगों के द्वारा गौ को तत्काल पशु चिकित्सालय ले जाया गया, जिसकी सूचना गौ सेवकों को मिलते ही सभी गौ सेवक घटना स्थल में पहुंच कर गौ वंश का प्राथमिक उपचार करवाया, साथ गौ वंश को सुरक्षित मण्डला आमानाला स्थित गौशाला पहुंचाया गया। अनेकों बार प्रशासन को आगाह करने के पश्चात भी प्रशासन द्वारा तेज रफ्तार से भागते वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई जा रही है जिससे रोजाना गौ वंश दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। रोजाना बीच सड़क पर आवारा पशुओं का मजमा लगा रहता है जिससे यातायात भी प्रभावित होता है लेकिन प्रशासन द्वारा इन आवारा पशुओं को सुरक्षित स्थान पर नहीं पहुंचाया जा रहा है। गौ सेवकों द्वारा पशु मालिकों और प्रशासन से आवारा पशुओं की सुरक्षा का आग्रह किया जा रहा है लेकिन प्रशासन आंखे बंद करके बैठा हुआ है। घायल गौ वंश के इलाज के लिए आकाश उपाध्याय,अश्विनी सोनी, साहिल तेकाम, सौरभ विक्की सोनी, शिवम हरदहा, दुर्गेश चंद्रौल, वेदप्रकाश पद्माकर, अनुराग कार्तिकेय, सुनील चंद्रौल, हर्षित, संतोष डहेरिया उपस्थित रहे।

**युवा संगम** | **नगरपालिका टाउनहॉल में रोजगार युवा संगम का आयोजन।**

# युवाओं को रोजगार दिलाना सरकार की प्राथमिकता





*** 7 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने की काउंसलिंग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नगरपालिका परिषद के टाउनहॉल में मंगलवार को रोजगार युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेलों के माध्यम से इच्छुक युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वहीं शासन की स्वरोजगार योजनाओं से भी युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक माह रोजगार मेला आयोजित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का सतत प्रयास किया जा रहा है।नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि शासन द्वारा कौशल विकास हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने शिक्षित युवाओं से आह्वान किया कि वे कौशल सीखकर स्वरोजगार स्थापित करें तथा रोजगार मांगने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता धुर्वे, एम.डी.आई.सी. नंदकिशोर वास्कले, प्राचार्य आईटीआई आर.एस. वरकड़े, प्रशिक्षण अधीक्षक आर.एस. वरकड़े, प्रबंधक प्रदीप जायसवाल, प्रबंधक श्रीमती शैफाली अग्रवाल, जिला समन्वय अधिकारी एस.के. शर्मा, आईटीआई प्लेसमेंट ऑफिसर आनंद मरावी, डी.के. साहू (जिला रोजगार कार्यालय) सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती वैशाली कामड़े ने किया।

### 85 आवेदकों का पंजीयन, 49 युवाओं का प्रारंभिक चयन

रोजगार युवा संगम में 85 युवाओं ने ऑनलाईन एवं ऑफलाईन पंजीयन कराया। निजी क्षेत्र की 7 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने युवाओं की काउंसलिंग की। इनमें से 49 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया, साथ ही 12 युवाओं का चयन अप्रेन्टिसशिप हेतु किया गया। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के दो हितग्राहियों को स्वीकृति/वितरण पत्र भी प्रदान किए गए।

## शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा व महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंडला के तत्वाधान में मिशन वात्सल्य, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन, राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन, पुलिस हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृत्व योजना, शी बॉक्स पोर्टल आदि की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अलावा जीने का अधिकार, स्वास्थ्य एवं पोषण, राष्ट्रीयता, विकास का अधिकार, शिक्षा, देखभाल आश्रय, मनोरंजन गतिविधियां, सुरक्षा का अधिकार, अप्राकृतिक आपदा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं 18 वर्ष की आयु तक के बेसहारा निराश्रित परित्यक्त, सड़क पर रहने वाले, विधि विरोधी कार्य करने वाले बालकों के पुनर्वास, पॉक्सो अधिनियम 2012, असुरक्षित स्पर्श को पहचानें और इसका निदान से संबंधित जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग जिला मंडला के द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम किया गया जिसमें तीन प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उक्त की जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी वन स्टाफ सेंटर सखी की जिला प्रशासक श्रीमती प्रेरणा मर्सकोले द्वारा प्रदान दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ. नवीन कुमार हरदहा, एन.एस.एस प्रभारी डॉ. सुरेंद्र कुमार लिल्हारे, डॉ. घनश्याम झरिया, डॉ. विजय मौर्य, डॉ. गरिमा छाबड़ा एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सहस्त्रबाहु जयंती के अवसर कलचुरी समाज द्वारा चिकित्सालय में भेंट की गई व्हीलचेयर एवं दवाइयाँ



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जयंती के अवसर पर स्थानीय कलचुरी कलार समाज द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री के तेलचित्र की पूजा अर्चना करने के उपरांत नगर के शासकीय चिकित्सालय में मरीजों के उपयोग हेतु व्हीलचेयर एवं औषधि चिकित्सालय प्रभारी उपेन्द्र वस्त्रकार को भेंट की गई। इस मौके पर दंत चिकित्सक आशुतोष मेहता, कलचुरी समाज अध्यक्ष मनीष जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष राधारमन राय, नरेंद्र राय, अखिलेश राय एवं महिला पूर्व अध्यक्ष श्रीमती संगीता जायसवाल, श्रीमती जयश्री जायसवाल मौजूद थी। इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ भगवानश्री की पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर मौजूद अतिथियों ने कहा कि कलचुरी समाज के समाजहित में किए गए अनेक योगदानों को याद करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा में अपने आराध्यश्री सहस्त्रबाहु जी के जयंती पर एक नया नवाचार प्रस्तुत कर सर्व समाज को जनहित में सेवा कार्य करने की प्रेरणा दी है। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन जिलाध्यक्ष युवा इकाई आशीष राय ने एवं आभार प्रकट रूपेश राय ने किया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश राय, राकेश जायसवाल, प्रमोद चौकसे, कैलाश राय, रंजीत राय, बंटी चौकसे, देवेंद्र राय, सर्वेश राय, श्री राय, यश राय, शिवम चौकसे, आयुष जायसवाल, मयूर राय सहित अन्य लोग मौजूद थें।

### कार की टक्कर से स्कूली छात्रायें घायल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** सड़को पर तेज गति से वाहन दौड़ाने वाले वाहनों की मनमानी पर अंकुश नही लगने के चलते ग्रामीण क्षेत्रों से स्कूल आने वाली छात्र छात्राओं की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस उस समय देखने मिली जब एक अभिभावक अपनी बच्चियों को मोटर साईकिल से छोटने के लिये जा रहे थें। एक कार की टक्कर से दोनों बच्चियों सहित अभिभावक भी घायल होने से नही बच पाये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम पौड़ी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै अपनी मोटरसाईकल MP49MR0410 से अपनी बच्ची मीनाक्षी कीर एवं तृशिका कीर को बैठाकर अपने घर ग्राम पौडी से ग्राम गरधा के सामने एकलब्य स्कूल छोडने जा रहा था। जैसे ही हम लोग निवारी तिग्गडा स्वागत गैट के पास पहुचे तो पीछे से आ रही ग्रे रंग की मारूती स्विफ्ट डिजायर क्रमांक MP49C8685 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी कार को चलाते हुये मोटर साईकिल में पीछे से टक्कर मार दी गई। जिसके चलते बाइक पर बैठी हुई दोनों स्कूली छात्राये नीचे गिर जाने के कारण मीनाक्षी कीर को दोनो हाथ, कमर,कंधे में एवं मेरी छोटी लडकी तृशिका कीर को दोनो हाथ तथा कमर मे चोटे आई है। वही प्रार्थी को मामूली चोटे आने के चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### समूह दक्षता प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समीपस्थ ग्राम सांगई के आँगनबाड़ी केंन्द्र में सबमिसशन ऑन एग्रीकलचर एक्सटेंशन (आत्मा अंतर्गत ) समूह दक्षता प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस शिविर में ग्राम सांगई में संचालित पांच समूहों को दक्षता प्रशिक्षण दिया गया। इस आयोजन में समूह के सदस्यों को रिटायर्ड कृषि विस्तार अधिकारी पी एस तिवारी द्वारा समूहों को कृषि संबंधी रोजगार जिसमे दलहन उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, दुग्ध उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं बकरी पालन संबंधित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# चंद वर्ष पहले बनी भौरझिर से घघरौला डामर सड़क टूटते हुये दिखाई देने लगी अब पता नहीं थिगरआऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक दे पायेगी साथ...









**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा गांव गांव पक्की सड़को कि निर्माण को लेकर हर वर्ष इस सोच के चलते करोड़ो रूपया खर्च किया जाता है कि गांव गांव पक्की सड़को का निर्माण होने से जहां ग्रामीणों को आने जाने में सुविधा होगी तो दूसरी ओर ग्रामीण बेरोजगार युवा शहर से जुडने के कारण रोजगार स्थापित कर लेगे। मगर इस सोच को निश्चित तौर से सरकारी धन की होली खेलने वाले अधिकारियों से लेकर निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा किस तरह ग्रहण लगाया जाता है इस बात की सच्चाई ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से देखने मिल सकती है जो अपने निर्माण के मात्र चंद वर्षो के उपरांत टूटते हुये गुणवत्ता उजागर करने से नही चूकती है। क्योंकि गांवों में जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये सड़को का निर्माण कार्य किया जाता है उसे जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा आंखे बंद करते हुये पास किये जाने का परिणाम है कि सड़क निर्माण के नाम पर शासन की राशि की खुलेआम होली खेलते हुये दिखाई देने से नही चूक पाती है..। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम भौरझिर से ग्राम घघरौला पटना तक बनी हुई डामरीकृत सड़क को देखते हुये जान पड़ रह है..? बताया जाता है कि इस सड़क का निर्माण कार्य कुछ वर्ष पहले हुआ था। मगर अपने निर्माण के चंद दिनों के उपरांत सड़क टूट जाने की सच्चाई को हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से उजागर किये जाने के बाद इस सड़क के मजबूती करण के नाम पर राशि स्वीकृत होने के बाद पुनः इस सड़क का निर्माण बीते कुछ साल का समय ही निकला होगा और सड़क पर जहां तहां गड्ढे दिखाई देना शुरू हो चुके है। खैर मौके पर लगा हुआ वोर्ड इस सड़क निर्माण की सच्चाई को लेकर कुछ और ही बता रहा है..? ग्रामीणों ने चर्चा करते हुये बताया है कि लगभग दो तीन साल पहले ग्राम भौरझिर से घघरौला तक डमरीकृत सड़क का निर्माण किया गया है। इस तरह इस सड़क के निर्माण को अभी मुश्किल से कुछ ही साल का समय ही बीत पाया है और जिस प्रकार से इस सड़क में जहां तहां गड्ढे निकलना शुरू हो गया था और अब सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आने से नही चूक रहे है जिसके चलते यह गड्ढे सड़क निर्माण की गुणवत्ता को उजागर करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है..? वही दूसरी ओर इस समय देखा जा रहा है कि इस सड़क पर निकल रहे गड्ढो की सच्चाई को छिपाने के लिये सड़क पर थेगरा लगाना जरूर शुरू कर दिया गया है। अब देखना है कि यह थिगराऊ सड़क क्षेत्रवासियों का कितने दिनों तक साथ देने में सफल हो पाती है..? इस तरह सड़क निर्माण के दौरान निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस तरह गुणवत्ता को दर किनार करते हुये जिस तरह इस सड़क का निर्माण कार्य किया गया है उसका परिणाम है कि सड़क चंद दिनों में ही उखड़ना शुरू हो गया है। मगर इस सब में हैरत की बात है कि इस सच्चाई को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी उनकी कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुये सरकार द्वारा जिस तरह ग्रामीणों को पक्की सड़को की सौगात प्रदान करने का जो सपना संजोया गया है उसे ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? इस तरह अपने निर्माण के कुछ ही साल उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की निष्ठावान अधिकारियों द्वारा पूर्ण निष्ठा के साथ जांच की जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी? मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब छोटे से लेकर बड़े अधिकारी इस तरह होने वाले गफलतबाजी की गंगा में सोंझआई का गोता लगा रहे होगे तो फिर ईमानदारी से जांच की उम्मीद कैसी की जा सकती है..? यह बात अलग है कि किसी भी सरकारी कार्य को पूरा निजी कंपनी द्वारा ठेके पर लेकर किया जाता है और निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की सोच रहती है कि जिस निर्माण कार्य का उसने ठेका लिया गया है उसमें उसे अधिक से अधिक लाभ होना चाहिये। इस सब पर निगरानी रखने के लिये प्रशासनिक अधिकारी होते है उन्हीं की देखरेख में सरकारी निर्माण कार्य पूर्ण कराये जाते है। नियम के अनुसार किसी भी शासकीय निर्माण कार्य को जब तक संबंधित विभाग का जिम्मेदार अधिकारी अपनी ओर से निर्माण संबंधी संतुष्टि प्रमाण पत्र नही देता है तब तक उस निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को भुगतान नही होता है। मगर गफलतबाजी की गंगा में जब संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के साथ मिलकर गोता लगा रहे होते है तो फिर किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता की उम्मीद करना कहा तक सफल हो सकता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम भौरझिर से घघरौला पटना के बीच लगभग दो साल पहले बनी हुई डामरीकृत सड़क की सच्चाई को देखते हुये जान पड़ रहा है? इस तरह अपने निर्माण के चंद महिनों उपरांत टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क को लेकर क्षेत्रवासियों द्वारा जिला कलेक्टर से निष्ठा के साथ जांच कराये जाने की मांग उठाई जा रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि निर्माण के चंद वर्ष बाद टूटना शुरू हो चुकी इस सड़क की जांच होती है तो निश्चित तौर से अनेक जिम्मेदार अधिकारी बेनकाब होने से नही बच पायेगे?

# डिजीटल इंडिया बनाने सपने को इस स्थिति में कहां तक मिल पायेगी सफलता, सालीचौका क्षेत्र में आये दिन लेनदेन के लिए भटकते हैं लोग

**हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।** जिस प्रकार से सालीचौका क्षेत्र का विकास हो रहा है उसे देखते हुए क्षेत्र के लोग अनेक जरूरी सुविधाओं के आभाव में परेशान होते हुए देखे जा रहे है, क्षेत्रवासियों की परेशोनियों को हरिभूमि द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद इस ओर क्षेत्र के नेताओं द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान न देना निश्चित ही चिंता जनक बात साबित होने से नही चूक रहे है..? वही दूसरी ओर यदि सालीचौका क्षेत्र की विकास गति पर गौर किया जावे तो जहां कृषि के क्षेत्र में सालीचौका को धान का कटोरा कहा जाता है। वही क्षेत्र में दो बड़ी बडी राईस मिलों के साथ साथ बड़ी बड़ी दो शुगर मिले भी संचालित हो रही है, वही व्यापक स्तर पर अनाज का व्यापार करने वाली व्यारियों के आलवा यहां पर उप पुलिस चौकी, शासकीय चिकित्सालय केन्द्र व बिजली आफिस तथा हायर सेकेण्डरी स्कूलों के आलवा देखा जावे तो सालीचौका क्षेत्र से आस पास के अनेक गांव जुडे हुये है जो सालीचौका की व्यवस्थाओं पर आधारित रहते है। मगर इसके बाद भी सालीचौका में किसी बड़ी बैक की





स्थापना न होना आम लोगों के लिए परेशानी का सबसे बड़ा कारण साबित होते हुए देखा जा रहा है, एक ओर जहां देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत देश को संपूर्ण विश्व में अलग दर्जा प्रदान करने की सोच रखते हुए डिजीटल बनाने की सोच रखते हुए संपूर्ण लेनदेन केश लेंस करने में लगे हुये है जिसके चलते लोगों के खाते बैकों में खुलबाने से हर लेने देन के कार्य को बैकों में माध्यम से कराना चाहते है। वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का लाभ देने के लिए भी हितग्राहियों के खातों में पैसा डालते हुए बैकों में माध्यम से उन तक पहुंचाया जा रहा है। मगर इसके बाद भी सालीचौका में मात्र एक बैक के भरोसे क्या डिजीटल इंडिया होने का सपना पूरा हो पायेगा यह सिर्फ सोचने वाली बात ही नही बल्कि चिंता जनक सच्चाई है..? इस प्रकार से देखा जावे तो यहां पर स्थित मात्र एक यूको बैक की ब्रांच होने के कारण लोगों का लेनदेन के लिए दिन भर भीड़ लगी हुई देखी जाती है। गांवों से आने वाले लोग बैक के कार्यो के चलते दिन दिन भर बैक के सामने बैठे हुए दिखाई देते है, जिसमें इस समय केन्द्र सरकार द्वारा संचालित किये जाने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना से लेकर अन्य प्रकार की योजनाओं के तहत हितग्राहियों की राशि भी बैक के खातों में आने के कारण नगर की एक मात्र बैक ब्रांच में हितग्राहियों का अपनी राशि निकालने के लिए मेला लगते हुए दिखाई देना आम बात बन चुकी है। कहने के लिए तो यहां पर एटीएम की स्थापना की गई है मगर एटीएम की सच्चाई इस प्रकार से बनी हुई देखी जा रही है कि आये दिन रूपयों की कमी या फिर अन्य गड़बड़ी के चलते एटीएम मात्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है? इस प्रकार अनेक समस्याओं से जूझ रहे सालीचौका क्षेत्र में आम लोगों की परेशानियों से निजात दिलाने के लिए न तो आज तक किसी बडे नेता द्वारा आवाज उठाई गई है और न ही उन छुटभेया नेताओं द्वारा उन परेशानी लोगों की समस्याओं पर ध्यान दिया जा रहा है जो आये दिन अपने आप को प्रभावशाली बताने के साथ समस्याओं से निजात दिलाने का भरोसा दिलाते हुए अपने कुर्ता की सफेदी का रौब दिखाने में कोई कसर नही छोड़ते है...? जबकि सालीचौका क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए सालीचौका में कम से कम चार पांच बैकों की स्थापना महसूस किये जाने लगी है।

## शासकीय चिकित्सालय के पास से चोरी हुई स्कूटी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय जहां पुलिस द्वारा मादक पदार्थो के खिलाफ मुहिम चलाते हुये लगातार आरोपियों को पकड़ने में सफल होते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर नगर में क्षेत्र में वाहन चोरी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही न होने के चलते उनके हौसले इतने बुलंद होते हुये देखे जा रहे है कि वह चंद मिनिटों के अंदर लोगों के वाहन गायब करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों नगर के शासकीय चिकित्सालय के पास देखने मिली जब एक मरीज की अज्ञात चोरों द्वारा चंद मिनिटों के अंदर स्कूटी को पार कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम लिलवानी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह नगर के शासकीय चिकित्सालय अपनी हीरो डेस्टिनी MP49 ZC 0684 से आया हुआ था जो चिकित्सालय परिसर एन आर सी विभाग के सामने खड़ी करके अंदर इलाज कराने के लिये ओर जब बाहर आया तो स्कूली गायब मिली। इस तही किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रार्थी की स्कूटी चोरी किये जाने पर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञा आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये खोजबीन की जाने की बात कही जा रही है।



# तपोवन विद्यालय में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** बच्चों को कानूनी ज्ञान से परिपूर्ण करने की सोच के चलते म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश श्रीमति संतोषी वासनिक के मार्ग दर्शन में बीते हुये दिवस नगर के तपोवन विद्यालय में नालसा जाग्रति योजना (न्याय जागरूकता के लिये जमीनी स्तर एवं पारदर्शिता पहल) विषय पर न्यायाधीश मा. यश शर्मा, जे.एम.एफ.सी. गाडरवारा की उपस्थिति में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा किया गया। बताया जाता है कि उक्त विधिक साक्षरता शिविर में यश शर्मा व्यवहार



न्यायाधीश गाडरवारा द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को उनके अधिकारो से परिचित करवाते हुये बताया कि कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा से जुडे अहम बिंदुओं के बारे में जागरूक किया गया। वही मोबाईल से संबंधित छोटे-छोटे अपराधों जैसे अश्लील वीडियो. मैसेज, टिप्पणीयां न करने की एवं सायबर क्राइम जैसे फर्जी कॉल या संदेशों में आई.ओ.टी.पी.से बचने की सलाह दी गई। साथ ही यह भी बताया कि मोटरयान का प्रयोग करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वाहन का बीमा, वाहन चालक का ड्राईबिंग लाईसेन्स होना जरूरी होता है। क्योकि यह कानूनी अपराध के साथ सामाजिक अपराध भी है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को बेड टच-गुड टच की जानकारी व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विधिक प्रावधानों के साथ ही नैतिक मूल्यों के विकास तथा समाज के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी गई। इस दौरान विद्यार्थियों से अपील की इस शिविर के माध्यम से प्राप्त ज्ञान को अपने तक सीमित न रखकर कम से कम 5 जरूरतमंद व्यक्तियों को जरूर बताये।





# सत्य व निष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ एनटीपीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**

समीपस्थ ग्राम गांगई मेहराखेडा स्थित एनटीपीसी गाडरवारा में पिछले तीन महीनों से सतर्कता जागरूकता अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है। बताया जाता है कि भारत सरकार के निर्देशानुसार अब इसका औपचारिक आयोजन सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में किया जा रहा है जो आगामी दो नवम्बर तक चलेगा। इस तरह सप्ताह के प्रथम दिवस पर परियोजना प्रमुख श्याम कुमार ने सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस अवसर पर कर्मचारियों ने यह संकल्प लिया कि वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी बरतेंगे तथा कानून एवं नियमों का पालन करेंगे। वही "न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे" के सिद्धांत का पालन करते हुए एक भ्रष्टाचार-मुक्त और पारदर्शी कार्य प्रणाली के तहत कार्य करेंगे। सप्ताह के दौरान "सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। जैसे निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, ऑन लाइन शॉर्ट वीडियो क्लिप निर्माण एवं क्विज का आयोजन शामिल था। इन प्रतियोगिताओं में कर्मचारी एवं उनके परिजन सक्रिय रूप से भाग लेकर सतर्कता अभियान को और सशक्त बनाएंगे।कार्यक्रम के दौरान एजीएम (सतर्कता) द्वारा सप्ताह भर चलने वाली सभी गतिविधियों, प्रतियोगिताओं एवं आयोजनों की रूप रेखा प्रस्तुत की गई। इस दौरान मौजूद सभी कर्मचारियों से अधिकतम भागीदारी का आग्रह किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों ने अपने व्यक्तिगत एवं पेशेवर जीवन में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने से जुड़े वास्तविक अनुभवों को भी साझा किया गया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार गाडरवारा**
**वृत चीचली/बाबईकला**

राजस्व प्रकरण क्रमांक - 0233
मद ब - 121 / वर्ष :- 2025-26
मौजा केसला, प.ह.नं.45
रा. नि. मं. बाबई कला / चीचली

**ईश्तहार**

आम जनता एवं सर्वसाधारण ग्राम - केसला प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. बाबईकला / चीचली, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर म.प्र. को सूचित किया जाता है कि आवेदक बालमुकुंद आ. परमानंद शर्मा निवासी ग्राम केसला, तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म. प्र. द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया गया है कि मौजा केसला प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. बाबईकला तह. गाडरवारा जिला नरसिंहपुर म.प्र. स्थित भूमि ख.नं. 209 / 1 रकवा 0.405 हे. भूमि भूमिस्वामी बालमुकुंद, मोहन पिस. परमानंद, संतिया बाई बेवा परमानंद, खेमचंद बल्द नन्हेलाल ब्राम्हण के नाम से दर्ज आ रही है। उक्त भूमि हमारी पैतृक भूमि है जिस पर हमारे अलावा अन्य किसी का कोई अधिकार नही है। परन्तु राजस्व अभिलेखो का कम्प्यूटरीकरण होने के दौरान उक्त भूमि किसी जमना बाई पति चेतराम लोधी के नाम से वर्ष 2012-13 से दर्ज कर दी गई है, जबकि हमारे द्वारा भूमि का किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार से अंतरण नही किया गया है, उक्त जमना बाई का नाम हमारी भूमि पर राजस्व अभिलेखो में बिना किसी सक्षम आदेश के दर्ज किया गया है, जो त्रुटिपूर्ण है। यह कि आवेदक द्वारा आवेदित भूमि की हस्तलिखित खसरा वर्ष 1998-99 से 2011-12 तक के अनुसार आवेदित भूमि की दुरूस्ती किये जाने का निवेदन किया गया है। इस संबंध में ग्राम के एवं अन्य जिस किसी भी व्यक्ति को जो उक्त भूमि से संबंध हित रखता हो अथवा कोई आपति हो तो वह साक्ष्य दस्तावेज के सहित अपनी दावा आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 06/11/2025 तक न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकता है। पेशी उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों पर न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जायेगा एवं न्यायालय प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही हेतु तत्पर रहेगा। ईश्तहार आज दिनांक 23/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 23/10/2025
पेशी दिनांक- 06/11/2025

शील
**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**गाडरवारा वृत चीचली / बाबई कला**















## खबर संक्षेप

### गाड़ासरई स्थित राजस्थान स्वीट्स पर एलपीजी सिलेंडर दुरुपयोग का मामला, दो सिलेंडर जप्त



डिंडौरी। मंगलवार को मेन रोड गाड़ासरई स्थित खेतेश्वर राजस्थान स्वीट्स पर द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम ख़ान द्वारा द्रवित पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमय आदेश 2000 के प्रावधानों के उल्लंघन पर कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में दो लाल रंग के घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग करते हुए पाया गया, जो नियमों का उल्लंघन है। तत्पश्चात दोनों सिलेंडरों को जप्त कर साहू एचपी गैस एजेंसी गाड़ासरई की सुपुर्दगी में दिया गया एवं प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ की गई। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि घरेलू उपयोग हेतु प्रदत्त एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू कार्यों के लिए ही करें, अन्यथा नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कलेक्टर ने किया ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण

डिंडौरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम गोदाम का मासिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जे.पी. यादव, जनसंपर्क अधिकारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान कलेक्टर ने ईवीएम एवं व्हीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सील, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा पंजी सहित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं दुरुस्त पाई गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सुरक्षा में तैनात कर्मियों को निर्देश दिए कि वे ईवीएम और व्हीवीपैट मशीनों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें तथा अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी मुस्तैदी एवं सतर्कता के साथ करें।इस दौरान निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले विधायक धुर्वे



डिंडौरी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जिले के विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, वरिष्ठ नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर जिले में हुए विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शासन की पहल से डिंडौरी अब तेज़ी से प्रगति की राह पर है।जिले को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़े जाने से आवागमन सुलभ हुआ है, जिससे व्यापार, शिक्षा और रोजगार के नए अवसर खुले हैं। वहीं नर्मदा नदी पर राघोपुर हाइडल प्रोजेक्ट और खरमेर नदी पर सिंचाई योजना लागू होने से हजारों किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बड़ा विस्तार हुआ है। जिला चिकित्सालय को 100 से बढ़ाकर 200 बिस्तरीय अस्पताल के रूप में विकसित किया गया है, जिससे ग्रामीण अंचलों के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इन विकास कार्यों से जिले में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और पलायन पर रोक लगेगी।डिंडौरी की जनता ने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन पहलों से जिले को विकास की नई पहचान मिली है।

### कलेक्टर ने प्रेसवार्ता के माध्यम से दी जानकारी



डिंडौरी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शुद्ध मतदाता सूची द्वारा लोकतंत्र का सशक्तिकरण" अभियान अंतर्गत विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है। इस दिशा में निर्वाचन आयोग द्वारा चरणबद्ध रूप से विशेष पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है। प्रथम चरण में यह कार्य बिहार राज्य में सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है तथा अब द्वितीय चरण में 12 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में प्रारंभ किया गया है।

## अवैध शराब का नेटवर्क बरकरार, जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल

# 115 लीटर अवैध शराब सहित वाहन जप्त

### श्रेय लेने की होड़ में जिम्मेदार

डिंडौरी।

जिले में अवैध शराब का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा। स्थिति यह है कि अब समाज के जिम्मेदार वर्गों और राजनीतिक दलों को खुद आगे आकर कार्रवाई करनी पड़ रही है। सवाल यह उठता है कि जब आम लोग अवैध शराब की जानकारी जुटाकर कार्रवाई करा सकते हैं, तो फिर जिम्मेदार विभागों को इसकी भनक क्यों नहीं लगती?

### जिम्मेदारी इधर से उधर, और शराब इधर से उधर

जब भी अवैध शराब का मामला सामने आता है, विभागीय जवाब लगभग तय होता है पुलिस कहती है कि यह आबकारी का मामला है, और आबकारी विभाग का तर्क होता है कि पुलिस बल के बिना कार्रवाई संभव नहीं। जवाबों का यह आदान-प्रदान कब तक चलेगा, यह किसी को नहीं पता, पर इसी बीच गली-मोहल्लों और गांवों तक शराब की आसान उपलब्धता यह जरूर दिखा रही है कि कारोबार अपने पूरे जोश में है।

### मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद भी नहीं दिखा असर

मुख्यमंत्री ने हाल ही में जबलपुर में हुई बैठक में अवैध शराब और अनैतिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे। बैठक में आईजी और एसपी दोनों मौजूद थे। इसके बावजूद






डिंडोरी जिले में कोई ठोस परिवर्तन नहीं दिखा।शराबबंदी क्षेत्र में भी खुलेआम बिक्री की खबरें सामने आ रही हैं, जबकि नर्मदा किनारे शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लंबे समय से लागू है।गांवों में तो अब कुछ किराना दुकानों में भी शराब उपलब्ध बताई जा रही है।

### कार्रवाई के नाम पर औपचारिकता


सूत्र बताते हैं कि कार्रवाई के नाम पर कुछ चुनिंदा लोगों को पकड़कर आंकड़े पूरे किए जा रहे हैं, जबकि असली नेटवर्क पर विशेष प्रभाव नहीं पड़ रहा।हाल ही में एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ताओं ने अवैध शराब पकड़कर प्रशासन को सौंपी, पर बाद में जारी प्रेस विज्ञप्ति में कार्रवाई का श्रेय विभागीय टीम को दिया गया। किसने क्या किया, यह तो जांच का विषय है, लेकिन इस तरह की घटनाएँ लोगों के मन में संशय अवश्य पैदा करती हैं।

### जनता का सवाल, क्या अब केवल बयान ही कार्रवाई हैं?

जब हर गांव और मोहल्ले में शराब बिक रही है, तो क्या तंत्र को यह दिखाई नहीं देता, या फिर देखने की ज़रूरत अब महसूस नहीं होती?प्रशासन चाहे जितने प्रेस नोट जारी कर ले, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि जिले में अवैध कारोबार अपनी रफ्तार से चल रहा है और जनता जवाबों से ज़्यादा परिणाम चाहती है।अवैध शराब पर रोक सिर्फ़ आदेशों से नहीं, बल्कि ईमानदार निगरानी से लग सकती है।डिंडोरी की स्थिति इस समय यह संकेत दे रही है कि कार्रवाई से ज़्यादा "कार्रवाई का बयान" ही चर्चा में है। अगर यही हालात रहे तो यह कहना गलत नहीं होगा कि नीतियाँ अभी शब्दों में हैं, ज़मीन तक पहुँचना बाकी है।

## बिल बड़े, काम छोटे: परसवाह पंचायत में विकास का नया फॉर्मूला

## आंख बंद कर फर्जी बिलों का हो रहा भुगतान, जिम्मेदार बने तमाशबीन





डिंडोरी। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को गांव के सर्वांगीण विकास की नोडल इकाई माना गया है, परंतु जब विकास की जड़ों में भ्रष्टाचार पनपने लगे तो गांव का भविष्य अंधकारमय हो जाता है। कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है डिंडौरी जिले की बजाग जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाह से, जहां फर्जी बिलों और मनमाने भुगतानों के जरिए लाखों रुपए के सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है।

### कागज़ों में बना विकसित गांव

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2022 से 2025 के बीच पंचायत में आंगनबाड़ी भवन, सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को केवल कागजों में पूर्ण दिखाया गया। इन कार्यों का वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। आरोप है कि सरपंच और तत्कालीन सचिव रजनी परस्ते द्वारा चहेते सप्लायर त्रिलोकचंद साहू को लाखों रुपए का भुगतान फर्जी बिलों के माध्यम से किया गया।

### रजिस्टर और पेन के नाम पर हजारों का भुगतान

ग्राम पंचायत द्वारा किए गए भुगतानों में कई ऐसे बिल हैं जिनमें न तो पंचायत का नाम दर्ज है और न ही तारीख न ही दर का उल्लेख उदाहरणस्वरूप ज्योति ऑनलाइन मोबाइल फोटोकॉपी के बिल नंबर 460 में लैपटॉप फॉर्मेट के नाम पर 5,000, सात रजिस्टर के नाम पर 14,000,दस पेन के लिए 3,000, और बिना जीएसटी नंबर की फर्म मेसर्स साहू मटेरियल सप्लायर जो स्वयं रेत, गिट्टी, ईंट सहित निर्माण सामग्री के सप्लायर हैं उसे 7 रजिस्टर के नाम पर 14 हजार रुपए और स्टेशनरी सामग्री 12 हजार सहित कुल 26,000 का भुगतान किया गया है। इस तरह साफ तौर देखा जा सकता है कि जिम्मेदार नियम निर्देशों को ताक में रखकर बोगस बिलों के जरिए शासन को पलीता लगाकर स्वार्थ सिद्ध कर रहे हैं। ग्राम पंचायत द्वारा भुगतान किए गए बिलों को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि, विकास कार्यों से अधिक धन स्टेशनरी और कार्यालय सामग्री के नाम पर खर्च दिखाया गया है।

### अन्य कार्यालयीन व्यय के नाम पर उड़ाई गई 15 एवं 5 वें वित्त की राशि

ग्राम पंचायत परसवाह में 15वें और 5वें वित्त आयोग की राशि का भी जमकर दुरुपयोग किया गया। अन्य कार्यालयीन व्यय के नाम पर लगभग 4 लाख का बंदरबांट किया गया। वहीं, 15 वें वित्त से स्वीकृत पाइपलाइन कार्य के स्थान पर सीसी रोड का भुगतान कर दिया गया, वह भी बिना जियो टैग और मूल्यांकन के ही भुगतान किए जाने के आरोप हैं। वहीं टाइड फंड के अंतर्गत स्वीकृत राशि 54500 का अन टाइड मद में व्यय करते सीसी रोड कार्य पर 445825 में मनमानी पूर्वक व्यय किया गया है ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का खेल पंचायत पोर्टल पर दर्ज अभिलेखों से साफ झलकता है, लेकिन पंचायत विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। जब इस मामले में सचिव से संपर्क किया गया तो उन्होंने केवल इतना कहा मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्रीय पंचायत समन्वयक की मिलीभगत से यह पूरा खेल चल रहा है, जिससे भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण मिल रहा है।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ग्राम पंचायत परसवाह के समस्त कार्यों और भुगतानों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इस मामले की गहन जांच की जाए तो लाखों रुपए के फर्जी भुगतानों का बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

### इनका कहना है

यदि भुगतान में वित्तीय अनियमितता बरती गई तो जाँच कराई जाएगी, तथ्यों के आधार पर कार्रवाई तय होगी।

**रामबाबू देवांगन, एसडीएम सह प्रभारी सीईओ जनपद पंचायत बजाग**





## जनसुनवाई में 74 आवेदन प्राप्त- कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी। कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं और कई आवेदनों का तत्काल समाधान कराया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित कुल 74 आवेदन प्रस्तुत किए, जिन मामलों का तुरंत समाधान संभव नहीं हो सका, उनके लिए आवेदकों को समय-सीमा निर्धारित कर आवश्यक आश्वासन प्रदान किया गया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र और पारदर्शी निराकरण किया जाए। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने जिले में आम जनता को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनसुनवाई में आए आम लोगों को कलेक्टर कार्यालय मुख्य द्वार पर दो कर्मचारियों को तैनात कर जनसुनवाई में आने वाले आम जनता को एक-एक टोकन देकर रजिस्टर में पंजीयन कर उनको व्यवस्थित स्थान पर कुर्सी पर बैठाया गया। उसके बाद एक-एक कर क्रमशः कलेक्टर ने उनकी बात सुनी और उनका निराकरण किया। इस प्रकार की व्यवस्था जिले में पहली बार पहली कलेक्टर ने की। जिससे आम जनता को सुविधा के साथ अपनी बात रखने का भरपूर मौका मिल सके। आवेदक ग्राम हर्रा पिंडरूखी निवासी कृष्ण कुमार ने एनएच-45 जबलपुर-अमरकंटक हाईवे निर्माण कार्य में उनके मकान व मंदिर स्थल निरीक्षण कराकर मुआवजा राशि दिलाए जाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने एसडीएम बजाग को जांच कर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम पंचायत धुर्रा माल के निवासी नवीन गवले ने चेकडेम निर्माण कार्य की शेष राशि भुगतान कराने की मांग रखी। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया के ग्रामीणों ने पंचायत के सरपंच व सचिव पर किए गए कार्यों पर लापरवाही के आरोप लगाया। जिस पर कलेक्टर श्रीमती भदौरिया ने सीईओ जनपद पंचायत डिंडौरी को शिकायत की जांच कर समस्या का निराकरण करने के लिए निर्देश दिए। आवेदक श्रीमती गायत्री बाई राजपूत ग्राम बरगा जनपद पंचायत समनापुर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण आवास बनाने में असमर्थ हूँ इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास स्वीकृत कराने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत समनापुर को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही रामलली ठाकुर ने अतिथि शिक्षक के पद पर नियुक्ति की मांग करते हुए आवेदन सौंपा। जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदनों पर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी, अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न

डिंडौरी। " बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजना की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन एवं आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से सभी महाविद्यालयों, कन्या शिक्षा परिसरों एवं स्कूलों में एनीमिया जांच शिविर आयोजित करें। इसमें टीम गठन, एनीमिया



किट की उपलब्धता एवं लाभार्थी बालिकाओं की संख्या के साथ विस्तृत कार्यक्रम प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। प्राचार्य शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं करियर काउंसलिंग के साथ-साथ पुलिस विभाग की "मुस्कान" अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग को महाविद्यालयों के सहयोग से प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्क्रीनिंग और कोचिंग क्लासेस प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए, जिससे छात्राओं को रोजगारोन्मुखी मार्गदर्शन मिल सके। स्थानीय मढ़ई मेलों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक आयोजित करने एवं 1 नवम्बर स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष गतिविधियाँ करने के निर्देश दिए गए।कन्या शिक्षा परिसरों एवं चिन्हित स्कूलों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने निर्देशित किया कि 1 नवम्बर स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षा, खेल, विज्ञान आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी बालिकाओं एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाए। बैठक में पुलिस विभाग से डीएसपी पुरुषोत्तम मरावी, स्वास्थ्य विभाग से छय रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज उरैती, डीपीएम , प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम प्राधिकारी, प्राचार्य शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय, शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से प्रतिनिधि एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर उपस्थित रहे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा योजना के अंतर्गत की जाने वाली विस्तृत गतिविधियों की जानकारी दी गई। साथ ही ऐसे क्षेत्रों का चिह्नांकन करने के निर्देश दिए गए जहां पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है एवं बाल तस्करी की संभावना वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिए जाने पर बल दिया गया।

## एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने ग्रामों में भ्रमण कर किया निरीक्षण

डिंडौरी।





एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन ने ग्राम लालपुर का दौरा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बगिया मां के नाम संचालित गड्ढा खुदाई कार्य का स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया तथा उपस्थित हितग्राहियों से चर्चा की। एसडीएम सर ने ग्राम में सक्रिय स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित मुर्गी पालन, सब्जी उत्पादन एवं मुर्गा बिक्री केंद्र का भ्रमण किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से उनकी गतिविधियों की जानकारी ली और उन्हें कार्य की गुणवत्ता एवं विस्तार पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने समूह सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की आर्थिक गतिविधियाँ ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, निर्माणाधीन उपस्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालय का जायजा लिया गया। इसके साथ ही पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत ग्राम पंचगांव रैयत में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर संबंधित हितग्राहियों को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण दल ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान बिजौरी का भी निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान पर वितरित किए जा रहे चावल की गुणवत्ता निम्न स्तर की पाई गई, जिस पर संबंधित सहायक आपूर्ति अधिकारी (एसएसओ) को तत्काल उच्च गुणवत्ता के चावल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के नेतृत्व में 59 हितग्राहियों को मिलेगा सहायक उपकरण

डिंडौरी। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद पंचायत समनापुर एवं अमरपुर का संयुक्त दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन परीक्षण एवं चिह्नांकन शिविर जनपद पंचायत समनापुर परिसर में आयोजित किया गया। शिविर में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा परीक्षण करते हुए कुल 244 हितग्राहियों का पंजीयन विभिन्न योजनाओं के तहत किया गया। इनमें से 75 नवीन दिव्यांगजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किए गए, जबकि 59 दिव्यांग एवं वरिष्ठजन को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हांकित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हितग्राहियों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ भी प्रदान किया गया। साथ ही, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 30 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया शिविर में हितग्राहियों के लिए आवागमन हेतु वाहन व्यवस्था तथा भोजन की निःशुल्क सुविधा भी जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई। मेडिकल बोर्ड की ओर से डा. अजय राज, डॉ. धनराज सिंह, डॉ. मिनी मोर्वे सहित उनकी टीम उपस्थित रही। वहीं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, जबलपुर से श्री नरेंद्र कुमार एवं श्री गौरव कुमार अपनी टीम सहित शिविर में सम्मिलित हुए। जिले से रुचि विनोदिया (जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र), ब्रजमोहन भारतीया (सामाजिक सुरक्षा अधिकारी), सरमन ठाकुर, अशोक झारिया सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं जनपद पंचायत समनापुर की टीम उपस्थित रही। शिविर कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदोरिया के नेतृत्व में दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में जिले की एक महत्वपूर्ण पहल रही। उक्त शिविर का आयोजन 29 अक्टूबर 2025 को जनपद पंचायत डिंडौरी व नगर परिषद डिंडौरी में आयोजित किया जाएगा। आप लोगों से अपील है कि शिविर में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।



**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी म.प्र.**
E-Mail:-cmodidori@mpurban.gov.in Phone No. - 07644-234524
क्रमांक/न.प./प्र.आ.यो./2025/2578 डिण्डौरी, दिनांक- 28/10/2025

**दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु आवश्यक सूचना**
**(बी. एल. सी. घटक 2.0)**

एतद् द्वारा समस्त नागरिको को सूचित किया जाता है कि नगरीय क्षेत्र डिण्डौरी में वार्ड क्रं. 01 से 15 तक में म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग म.प्र. भोपाल के निदेशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 (बी.एल.सी. घटक) अन्तर्गत प्राप्त कुल 88 हितग्राहियो के ऑनलाईन आवेदनो में से 32 पात्र हितग्राहियों एवं 36 भूमिहीन हितग्राही तथा 20 पक्के मकान वाले अपात्र हितग्राहियों की सूची अनुमोदन हेतु वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित किये जाने के पूर्व यदि किसी को कोई दावे आपत्ति हो तो दिनांक 10.11.2025 को समय 12 बजे तक प्रमाणित साक्ष्य सहित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित समयावधि उपरांत किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी दावा आपत्ति आमंत्रण की जाने वाले हितग्राहियों की सूची नगर परिषद् डिण्डौरी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सूचना पटल पर चस्पा की गई है, जिसका अवलोकन कर निर्धारित समय अवधि में लिखित दावे आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद, डिण्डौरी

## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक 30 अक्टूबर दिन गुरूवार को सायं 4 बजे से आयोजित की जावेगी। यह जानकारी डिप्टी कलेक्टर नरसिंहपुर ने दी है।

### राज्यपाल के नाम पुलिस अधीक्षक को पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस पत्रकारों द्वारा राज्यपाल के नाम पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया कि खबर लिखने पर पत्रकारों द्वारा पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाने खबर प्रकाशित करने को लेकर पत्रकारों पर षडयंत्र पूर्वक फर्जी मामले बनवाये जा रहे हैं नरसिंहपुर कोतवाली थाना अंतर्गत सालिकराम राजपूत, धर्मेन्द्र लोधी, राजकुमार दुबे एवं थाना करेली अंतर्गत चंद्र मोहन दुबे व चंद्रशेखर मालवीय पर दर्ज मामले को निरस्त करवाने की मांग की गई। उक्त मौके पर बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही।

### सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नगर की मातृ शक्तियां शाला विद्यालय के बच्चों की मातृ अभिभावक एवं संपूर्ण विद्यालय परिवार की उपस्थिति रहेगी। यह कार्यक्रम संघ के शताब्दी वर्ष के परिपेक्ष्य में महाकौशल प्रांत के अंतर्गत सभी सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में आयोजित किए जा रहे हैं स्कूल का कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से शाम 4:30 बजे तक रहेगा।

### हज यात्रा की दूसरी किश्त जमा होगी 31 अक्टूबर तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** वर्ष-2026 में जिले से हज जाने वाले 78 लोगों को हज जाने की दूसरी किश्त 31 अक्टूबर तक जमा करना अनिवार्य होगा। यह जानकारी सेन्ट्रल हज कमेटी मु बई के सीईओ शहनवाज द्वारा दी गई है। स्टेट हज ट्रेनर अल्हाज असदउल्ला खान, हाजी अब्दुल वसी खान, आरिफ खान, कलीम खान, अफरोज खान मैकेनिक, करीम खान, उबेस खान ने बताया कि हज के दस्तावेज 5 नव बर तक जमा करना होगा। उन्होंने हज जाने वालों से निर्धारित समय पर किश्त व दस्तावेज जमा करने का आग्रह किया है। ताकि उन्हें परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओ मेला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** समस्त नगरवासियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 29/10/2025 दिन बुधवार को नगर पालिका के मानस भवन प्रागण में प्रधानमंत्री आवास मेला का आयोजन किया जा रहा है जिसका समय प्रात 11 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें शासन द्वारा संचालित योजनाएं प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी बैक होम लोन, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि, संबल योजना, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण इत्यादि योजना का लाभ प्रदान किया जावेगा ।

### एक खड़े ट्रक से दूसरे ट्रक की टक्कर, चालक घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धूमा थाना क्षेत्र अंतर्गत घोघरी ग्राम के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर एक सड़क हादसा हो गया। मंगलवार सुबह लगभग 4 बजे एक खड़े ट्रक से दूसरे ट्रक की टक्कर हो गई, जिसमें चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, नागपुर की ओर से आ रहा एक ट्रक घोघरी ग्राम के पास पहले से खड़े एक ट्रक से टकरा गया। इस टक्कर के कारण दूसरे ट्रक का चालक घायल हो गया।

# अंधी हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

## रील देखकर रची गई थी साजिश

# अवैध प्रेम संबंधों के चलते की हत्या

## 50 हजार रुपए में दी थी सुपारी, दो आरोपी व एक बालक गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी पुलिस ने अंधी हत्या कांड का पर्दाफाश करने मे सफलता हासिल की। घटना को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया मे रील देखकर हत्या की गई। उक्त हत्याकांड को अवैध प्रेम संबंध के चलते अंजाम दिया गया। आरोपी महिला द्वारा हत्या के लिए 50 हजार रुपए में सुपारी देकर घटना कारित कराई गई तथा तय शर्तों के अनुरूप राशि देने की बात हुई थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा द्वारा त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में तीन विशेष टीमों का गठन किया गया था।

### मामला इस प्रकार

गुम इंसान सृजन साहू के रहस्यमय तरीके से लापता होने के मामले में बताया गया कि मृतक अपने भाई के साथ जलसा होटल के सामने किसी का इंतजार कर रहे थे तभी सफेद रंग की कार मे आई महिला मृतक से बात करने लगी और पैदल अज्ञात दिशा में ले गई। इसके बाद मृतक वापस नहीं लौटा। थाना मुंगवानी क्षेत्रांतर्गत जलसा होटल के सामने से एक व्यक्ति के रहस्यमय तरीके से गायब होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इस संबंध में गुम इंसान प्रकरण कायम कर जांच में लिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच टीम गठित कर आसपास के सभी स्थानों पर कैमरों की जांच की गई। पुलिस द्वारा उस युवती, जिसने अपना चेहरा कपड़े से ढक रखा था, की पहचान के प्रयास प्रारंभ किए गए। उक्त फुटेज के आधार पर आसपास के गाँवों, पड़ोसी जिले के छपारा क्षेत्र सहित मृतक के गांव और अन्य संभावित स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गए, ताकि युवती एवं मृतक की मूवमेंट का सुराग लगाया जा सके।

### 50 हजार रूपए मे दी थी सुपारी

गुम इंसान के तलाश हेतु पुलिस टीमों को जंगल में तलाशी हेतु भेजा गया जिसके द्वारा रात-दिन गुम इंसान तलाशी की गयी। गुम इंसान प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस को बड़ा सुराग हाथ लगा है





जांच में सामने आया कि मृतक सृजन साहू के साथ घटना के दिन दिखाई दी युवती बरहटा निवासी सुषमा उर्फ निधि साहू थी। पूछताछ में पहले तो निधि ने मृतक के साथ होने से इंकार



किया, लेकिन पुलिस की दूसरी टीम को यह जानकारी मिली कि सफेद रंग की कार में उसके साथ दो और व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उन व्यक्तियों की पहचान की, जिनमें रीछा निवासी साहिल पटेल का नाम सामने आया। साहिल पटेल ने पूछताछ में स्वीकार किया कि निधि साहू ने उससे सृजन साहू की हत्या करवाने के लिए 50,000 में सौदा किया था। उसके अनुसार, निधि साहू ने 20,000 अग्रिम दिए थे और योजना के अनुसार उन्होंने एक नाबालिग सहयोगी के साथ मिलकर सृजन साहू की ग्राम घोघरा के जंगलों में चाकुओं से हत्या कर शव को पत्थरों में दबाकर छुपा दिया।

### जंगल में पत्थरों से दबाया गया शव

उक्त मामले में हत्या की बात सामने आने पर तत्काल पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं डॉग स्क्वाड के माध्यम से शव एवं साक्ष्यों की तलाशी करायी गई एवं आरोपीगण की निशानदेही पर मृतक सृजन साहू का शव, मृतक को ले जाने में प्रयुक्त कार, दो चाकू, हत्या के दौरान पहने हुए खून लगे कपडे एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया एवं आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 238, 61 (2) (क) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध की विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक, डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा हत्या का खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार रूपये के नगद पुरूस्कार से पुरूकृत किया गया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने शिशु व मातृ मृत्यु दर, संस्थागत प्रसव, आरबीएसके कार्यक्रम सहित अन्य विभिन्न योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल डॉ. आरके चैधरी, जिला स्वास्थ्य परिवार कल्याण अधिकारी, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की मृत्यु पर कमी लाने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। आईएमआर शिशु मृत्यु दर और एमएमआर मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के प्रगति की जानकारी विकासखंड स्तर व ग्राम स्तर पर भी पोर्टलों में दर्ज करने की कार्यवाही की जाए। बैठक में विकासखंड गोटेगांव और चांवरपाठा में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन लक्ष्य के विरूद्ध कम पाया गया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क महिलाओं को चिन्हांकन और प्रबंधन के लिए एनजीओ का सहयोग लेने तथा पोषण आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड मे आयोजित तीन दिवस महिला एवं पुरूष खो- खो सम्पन्न हुई। महिला वर्ग का प्रथम सेमीफाईनल जबलपुर और मंडला के मध्य हुआ जिसमें जबलपुर ने मंडला को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। द्वितीय सेमीफाइनल नरसिंहपुर और खंडवा के मध्य हुआ जिसमें नरसिंहपुर ने खंडवा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच जबलपुर और नरसिंहपुर के मध्य हुआ जिसमे पुरुष वर्ग जबलपुर विजेता एवं मंडला उपविजेता रही। पुरुष वर्ग का प्रथम सेमीफाइनल जबलपुर और ब्रम्हपुर के मध्य हुआ जिसमें जबलपुर विजयी हुआ और फाइनल में प्रवेश किया । द्वितीय सेमीफाइनल मंडला और बैतूल के मध्य हुआ जिसमें मंडला विजयी हुए। फाइनल मैच जबलपुर और मंडला के मध्य खेला गया। जिसमे जबलपुर ने मंडला को पराजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।



### जनसुनवाई में आये 128 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 128 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उन आवेदन पत्रों को निर्धारित समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# अवैध मक्का परिवहन करते ट्रक को मंडी सचिव ने पकड़ा

## स्थानीय कर्मचारियों की मिलीभगत से मंडी को हो रहा था नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**केवलारी ।** कृषि उपज मंडी समिति केवलारी के सचिव एवं उडऩदस्ता दल ने सोमवार को अवैध मक्का परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ा। यह कार्रवाई संयुक्त संचालक, आंचलिक कार्यालय जबलपुर के निर्देश पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19(4) के तहत की गई। जांच में पाया गया कि वाहन क्रमांक एमएच 40 बीएल 7997 से फर्म एस. के. ट्रेडिंग एंड ट्रेडर्स द्वारा बिना अनुमति के 302.60 क्विंटल मक्का का परिवहन किया जा रहा



था। दल ने मौके पर दाण्डिक कार्यवाही करते हुए कुल 41,148/ राशि मंडी समिति में जमा कराई। राजस्व विवरण मंडी शुल्क 31,790, समझौता शुल्क 3,000, निराश्रित शुल्क 6,358। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में वर्षों से जमे कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से इस तरह का अवैध परिवहन चल रहा था, जिससे मंडी बोर्ड को राजस्व की हानि हो रही थी। मंडी सचिव ने चेतावनी दी है कि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर की राजनीतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। आयोजित बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा की और आवश्यक सुझाव आमंत्रित किए। विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में मतदाता की पात्रता, एसआईआर की आवश्यकता, एसआईआर के प्रमुख अधिकारी, एसआईआर की प्रक्रियाएं, एसआईआर के प्रमुख चरण, गणना पत्रक-मतदाताओं द्वारा भरने हेतु, पिछले एसआईआर की निर्वाचक नामावली में विवरण और आवश्यक दस्तावेजों की सूची के संबंध में चर्चा की गई। आयोजित बैठक में बीएलओ और बीएलए सहित सभी अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में कार्य करने के निर्देश दिए गए।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**सिवनी।** नगर के कबीर वार्ड डूंडासिवनी केंद्रीय विद्यालय के समीप साईं नगर दिलबाग नगर में क्षेत्र की समस्त महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से कराई जा रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा स्थल को फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। कथा वाचक पंडित दिनेश मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब अधर्म और अन्याय पृथ्वी पर बढ़ गया, तब भगवान विष्णु ने देवकी और वासुदेव के घर आठवें पुत्र के रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की। उन्होंने बताया कि कारागार में भगवान का अवतरण केवल एक दिव्य घटना नहीं बल्कि यह संदेश है कि जब भी मानवता संकट में होती है, तब ईश्वर स्वयं उसे मुक्त करने आते हैं। कथा के दौरान जैसे ही जन्म प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर उत्सव का स्वागत किया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की झाँकी अत्यंत मनमोहक रही।

# श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ 9से 15 दिसंबर के बीच





### जैन समाज जुटी तैयारियों में

**तेंदूखेड़ा।** नगर में भगवान मुनिसुब्रतनाथ जी के नवीन मंदिर निर्माण एवं प्रतिष्ठा आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में आगामी 9दिसंबर से 15 दिसंबर के बीच श्री मज्जिनेंद्र कल्याणक महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।जिसे लेकर जैन समाज द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रहीं हैं। विगत दिनों कलश गार्डन परिसर में वेदी भूमि पूजन एवं पात्र चयन दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पं सनत कुमार पं विनोद कुमार पं कमल कुमार शास्त्री जी के द्वारा विधी विधान से संपन्न कराया गया। पंचकल्याणक आयोजन समीति द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इस महायज्ञ को संपन्न कराने में दिगम्बर जैन धर्म की परम्परा अनुसार पात्रों ने बोली लगाकर सौभाग्य प्राप्त किया है। जिसमें सौधर्म इंद्र अंकित मोदी आरती मोदी कुबेर इंद्र अमिताभ मोदी अमिता मोदी महायज्ञ नायक अमित कोठारी दीपा कोठारी यज्ञ नायक आशीष सेठ माधुरी सेठ ईशान इंद्र शुभम जैन पाटन वाले सनित इंद्र अर्पित कुसमी वाले महेंद्र साकेत तेंदूडाबर बाहुबली प्रियंक जैन श्रीयांस राजा डा अखिलेश जैन राजा सोम अनुराग मोदी भरत चक्रवर्ती आयुश तेंदूडाबर का चयन हुआ है। गौरतलब रहे कि नगर के पुराने बस स्टैंड से मंडी रोड पर जाने वाले सड़क मार्ग पर मुनि सुब्रतनाथ जी का नवीन मंदिर निर्माण हुआ है। जिसका निर्माण विगत तीन वर्षों से अनवरत जारी है।इस भव्य मंदिर में मुनि सुब्रतनाथ जी की प्रतिष्ठा हेतु विशाल प्रतिमा भी जयपुर से लाई गई है। मंदिर निर्माण की एक ट्रस्ट भी बनाई गई है।जिसकी देख रेख में यह कार्य संपादित हो रहा है। आचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के द्वारा ही इस मंदिर की आधारशिला रखी गई थी।